**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**

**लखनऊ – 226010**

**संख्या :- 49 /12/कम्प्यूटर- अनुभाग-12/2018-2023/02-परीक्षा/2018**

लखनऊ : दिनांक : 19 जून , 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018 द्वारा विज्ञापित सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 की पुनर्परीक्षा दिनांक 26 व 27 जून, 2023 (प्रथम पाली-10:00 AM to 12:00 PM व द्वितीय पाली 03:00 PM to 05:00 PM) को प्रदेश के 20 जनपदों यथा- आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर एवं वाराणसी में आयोजित की जाएगी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन की पूर्व में सम्पन्न लिखित परीक्षा के आधार पर जिन अभ्यर्थियों को संदिग्ध/ जांच के अधीन रखा गया था, उन्हें दिनांक 26 व 27.06.2023 को आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा में "जांच के अधीन" श्रेणी में रखते हुए औपबन्धिक रूप से परीक्षा में प्रतिभाग किये जाने की अनुमति आयोग द्वारा प्रदान की गयी है।

तत्क्रम में प्रश्नगत परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 26 व 27 जून, 2023 को आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा हेतु अपने प्रवेश पत्र दिनांक 19-06-2023 से आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें एवं प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

19.06.2023

परीक्षा नियंत्रक,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ।